आइआइएम रांची में स्टूडेंट्स का हुआ ऑनलाइन वेलकम

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची की ओर से सत्र 2020-22 के विद्यार्थियों का ऑनलाइन स्वागत किया गया. दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के जरिये विभिन्न कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया गया. निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह, पीजीपी चेयरपर्सन प्रो प्रदीप कुमार बाला, पीजीपी-एचआरएम चेयरपर्सन प्रो पियाली घोष ने विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाया. निदेशक शैलेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संस्था की गरिमा बनाये रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिवेश का लाभ उठाने की बात कही. वहीं असिस चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को विभिन्न संकाय के शिक्षकों से परिचय कराया. साथ ही एकेडमिक सफर में इनका हर संभव मदद लेने की प्रेरणा दी. ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम के पहले दिन डांस व मूवमेंट थेरेपिस्ट सह आइआइएम के फ्रॉगी फीट डांस ग्रुप की धरा मेहरा ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. मुख्य वक्ता ट्रैरिटी कंसल्टिंग ग्रुप के सीइओ अनुप मजूमदार ने विद्यार्थियों को प्रबंधन क्षेत्र के विकास में सहयोग के लिए इस क्षेत्र को गहराई से समझने और शुरुआत से ही अपना नेटवर्क मजबूत करने की प्रेरणा दी. इस अवसर पर प्रो गौरव मराठे मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 03.08.2020, Pg. 08